
BORDERNEWSMIRROR
BNM
to the point...

24/7 Emergency Services

ISO 9001 : 2015

# हर्ष हॉस्पीटल


बनकट, N.H.28A Hyundai
शो-रूम के नजदीक, मोतिहारी






24/7 DIALYSIS

ICU



ISO 9001:2015

## HARSH HOSPITAL

Dr. Manish Kumar (Director)
M.B.B.S., D.A. (BNMU)

## Dr. Manish Kumar

**Director** Cum
Vice President Congress
Bihar State Committee
(Medical Cell)

24/7
आपातकालीन सेवा

Mob.: 9905266498, 9939297978
Email: harshhospitalmth@gmail.com

**(1) ANASTHESIA AND CRITICAL CARE**
Dr. MANISH KUMAR
MBBS BA (KMC BIHAR)
Dr. RAKESH KUMAR
MBBS, MD (PMCH)

**(2) GENERAL SURGERY & LAPROSCOPY**
Dr. AMIT KUMAR
MBBS (DNB SURGERY)

**(3) UROLOGY**
Dr. AMIT KUMAR
MBBS (DNB SURGERY)

**(4) GYNAE & O.B.S.**
Dr. SANGEETA SINGH
(MBBS, MS)
Dr. RASMI SHREE
(MBBS, DNB)

**(5) ORTHOPEDICS**
Dr. KUMAR SAURABH
(MBBS, MS)
Dr. SANJEEV KUMAR
(MBBS, DIO)

**(6) NEURO SURGERY**
Dr. PRADEEP KUMAR
(MBBS, MS, MCH) SUNDAY

**(7) MEDICINE DEPARTMENT**
Dr. ASHUTOSH KUMAR
(MBBS, MD)
Dr. SUMIT KUMAR
(MBBS, MD)

**(8) PEDIATRIC DEPARTMENT**
Dr. PANKAJ KUMAR
(MBBS, MD)
Dr. SUMIT KUMAR
(MBBS, MD)
Dr. FIROJ ALAM
(MBBS, DCH)

**(9) DENTAL**
Dr. RAVI RANJAN SINGH
(BDS)
Dr. JAYDEEP KUMAR
(BDS)
Dr. GAURAV KUMAR
(BDS, MDS)

**(10) GASTROENTEROLOGY**
Dr. RAJ KUMAR DEEPAK
(MBBS, MD)

**(11) NEURO PSYCHIATRIC**
Dr. HEMANT KUMAR
MBBS, MD (BHU)

**(12) ENT**
Dr. RISHANK KISHOR
(MBBS, MS)
Dr. MADHUR KR. VERMA
(MBBS, MS)

**(13) OPTHALMOLOGY**
Dr. NARAYAN KUMAR
(MBBS, MS)
Dr. SABIT HASSAN
(MBBS, MS)

**(14) DERMATOLOGY**
Dr. JAMAL AKHTAR
MBBS, MD, (PMCH)

**(15) PHYSIOTHERAPY**
Dr. ANAND KUMAR
BPT, MPT
Dr. RAHUL KR. MISHRA
BPT
Dr. NADEEM ZAFAR
BPT, MPT

BORDER NEWS MIRROR

ISSUE :

₹5

www.bordernewsmirror.com | Only bilingual Newspaper | 17-05-2022 ( Tuesday )



// PAGE

### तिरुपति बालाजी पहुंची कंगना रनौत

कंगना रनौत 'धाकड़' के निर्माता दीपक मुकुट, उनकी पत्नी कृष्णा मुकुट और टीम के कुछ अन्य मेंबर के साथ तिरुपति पहुंची हुईं हैं।

// PAGE

### शिल्पा शेट्टी ने की सोशल मीडिया पर वापसी

शिल्पा शेट्टी ने ए सोशल मीडिया पर वापसी कर ली है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी आगामी फिल्म निकम्मा का मोशन पोस्टर जारी किया है

// PAGE

### सोना महापात्रा ने जैकलिन पर निकाली भड़ास

सोना एक बार फिर सुर्खियों में हैं और इस बार उन्होंने ऐक्ट्रेस जैकलिन फर्नांडिस को निशाने पर लेते हुए तीखे कॉमेंट्स किए हैं।



# ज्ञानवापी परिसर में मिला शिवलिंग, जगह को सील करने का आदेश

**बीएनएम@वाराणसी**

वाराणसी। ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले में अदालत के आदेश पर हो रहे सर्वे के तीसरे एवं अंतिम दिन सोमवार को परिसर में शिवलिंग और अन्य साक्ष्य मिले। इसके तुरंत बाद वादी पक्ष के अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने वाराणसी के सिविल कोर्ट (सीनियर डिविजन) रवि कुमार दिवाकर की अदालत में प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने बताया कि सर्वे में मस्जिद परिसर में शिवलिंग मिला है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण साक्ष्य है। उन्होंने उस जगह को सील करने का आदेश देने की मांग की। इस पर अदालत ने तुरंत जिलाधिकारी को उस जगह को सील करने का आदेश दिया। अदालत ने अपने आदेश में कहा है, जिला मजिस्ट्रेट वाराणसी को आदेशित किया जाता है कि जिस स्थान पर शिवलिंग प्राप्त हुआ है उस स्थान को तत्काल प्रभाव से सील कर दें। सील किए गए स्थान पर किसी भी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित किया जाता है। जिला मजिस्ट्रेट वाराणसी, पुलिस कमिश्नर, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी तथा सीआरपीएफ कमांडेंट वाराणसी को आदेशित किया जाता है कि जिस स्थान को सील किया जा रहा है, उस स्थान को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने की पूर्णतः व्यक्तिगत जिम्मेदारी उपरोक्त समस्त अधिकारियों की व्यक्तिगत रूप से मानी जाएगी।

उपरोक्त सील किए गए स्थान के बाबत स्थानीय प्रशासन द्वारा क्या-क्या किया गया है इसके सुपर विजन की जिम्मेदारी पुलिस महानिदेशक और मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की होगी। वाद लिपिक को आदेशित किया जाता है कि वह अविलंब इसकी आदेश की प्रति संबंधित अधिकारीगण को नियमानुसार प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें। तीसरे दिन के सर्वे के बाद वादी पक्ष के पैरोकार सोहनलाल आर्य ने ज्ञानवापी परिसर से बाहर निकलने के बाद हाथों से विजय का इशारा करते हुए कहा कि नंदी जिसका इंतजार कर रहे थे वह बाबा मिल गए। इतिहास कालखंड में जो भी लिखा था वह मिल गया है। उन्होंने कबीर दास के दोहे 'जिन खोजा तिन पाइयां, गहरे पानी पैठ' का उल्लेखकर कहा कि समझिए, जो कुछ खोजा जा रहा था, उससे कहीं अधिक मिला है। उन्होंने दावा किया कि गुंबद, दीवार और फर्श के सर्वे के दौरान कई साक्ष्य दबे दिखे। उधर,मस्जिद पक्ष के अधिवक्ताओं अभयनाथ यादव और मुमताज अहमद ने वादी पक्ष के सोहनलाल आर्य के दावे को नकार दिया और दो टूक कहा कि सर्वे में अंदर कुछ भी नहीं मिला है। सोहनलाल के दावे पर जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा ने कहा कि अगर किसी ने कोई बात कही है या किसी बात का दावा किया है तो यह उनकी व्यक्तिगत राय है। ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले में एडवोकेट कमिश्नर द्वारा रिपोर्ट पेश करने के बाद कोई भी बात अदालत के द्वारा ही बताया जाएगा। किसी की बात पर कोई ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। इसके पहले सर्वे टीम चौक थाने से कड़ी सुरक्षा के बीच ज्ञानवापी मस्जिद के लिए रवाना हुई। मस्जिद परिसर में प्रवेश के पहले सभी सदस्यों के मोबाइल फोन जमा करा लिये गये थे। सर्वे के चलते लगातार तीसरे दिन ज्ञानवापी मस्जिद से लगभग एक किलोमीटर की दूरी तक मार्ग प्रतिबंधित रहा। काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर चार के दोनों तरफ करीब 500 मीटर पहले ही बैरिकेडिंग की गई। किसी भी वाहन को गोदौलिया-मैदागिन मार्ग पर नहीं जाने दिया गया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को गलियों के रास्ते काशी विश्वनाथ मंदिर में प्रवेश कराया गया। ज्ञानवापी के एक किलोमीटर तक जगह-जगह पुलिस और पीएसी के जवान मुस्तैद रहे। पुलिस अफसरों के अनुसार ज्ञानवापी में पहले दिन सुरक्षा 10 लेयर की थी। दूसरे दिन रविवार को 12 लेयर की कर दी गई। तीसरे और अंतिम दिन 16 लेयर की सुरक्षा व्यवस्था की गई। तीसरे और अंतिम दिन के सर्वे के बाद एडवोकेट कमिश्नर ने बताया कि कार्यवाही पूरी हो गई है। न्यायालय में रिपोर्ट दाखिल किया जाएगा।



## राहुल को प्रधानमंत्री का विकल्प बताने पर बिफरी तृणमूल, ममता को बताया विपक्ष का चेहरा

कोलकाता। राजस्थान के उदयपुर में चल रहे कांग्रेस के चिंतन शिविर के समापन पर इशारे-इशारे में राहुल गांधी को 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विकल्प बताए जाने का कांग्रेस का पैंतरा तृणमूल कांग्रेस को नागवार गुजरा है। पार्टी ने अपने मुखपत्र जागो बांग्ला में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एनडीए के खिलाफ प्रमुख चेहरा होने का दावा किया है। कांग्रेस के चिंतन शिविर में संबोधन करते हुए राहुल गांधी ने कहा था कि भाजपा को केवल कांग्रेस हरा सकती है। किसी क्षेत्रीय पार्टी की इतनी ताकत नहीं है। इसके जवाब में सोमवार को जागो बांग्ला के संपादकीय में लिखा गया है कि वर्तमान में कांग्रेस भाजपा को टक्कर देने की स्थिति में है, इस पर कोई विश्वास नहीं करेगा। लोग यह बात भली-भांति जानते हैं कि ममता बनर्जी ही फिलहाल विपक्ष का मुख्य चेहरा हैं। बंगाल में तो कांग्रेस पूरी तरह से पंगु है।



# मुख्यमंत्री ने जातीय जनगणना पर अपना स्टैंड किया क्लियर, जल्द बुलायेंगे सर्वदलिय बैठक



बीएनएम@पटना

पटना। बिहार में जातीय जनगणना कराने को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को अपना स्टैंड और क्लियर कर दिया है। इस मामले पर मुख्यमंत्री ने पत्रकारों की ओर से पूछे सवाल पर यहां कहा कि किसी कारणवश अब तक बिहार में जातीय जनगणना को लेकर सर्वदलीय बैठक नहीं बुलाई जा सकी थी लेकिन अब यह बैठक बुलाई जाएगी। सर्वदलीय बैठक में सभी राजनीतिक दलों के नेता अपने अपने विचार रखेंगे।इसके बाद कैबिनेट एप्रूवल देकर इस काम को शुरु करा देंगे।मुख्यमंत्री ने जब अपना यह बयान दिया उस वक्त उपमुख्यमंत्री जो भाजपा कोटे से है और भाजपा विधान मंडल दल के नेता भी उनके साथ मौजूद थे, क्योंकि मुख्यमंत्री बुद्ध पूर्णिमा पर पटना जंक्शन स्थित बुद्ध स्मृति पार्क में कार्यक्रम में थे और उनके साथ अतिथि के तौर पर उपमुख्यमंत्री भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीच में कई प्रकार की स्थिति थी, बीच में चुनाव आ गया और क्या-,क्या हो गया था तो मौका नहीं मिला। अब हमलोग आपस में बातचीत कर के एक दिन का डेट तय करेंगे। हाल ही में करेंगे ज्यादा दिन नहीं लगेगा। जातीय जनगणना हो,ठीक ढंग से गणना हो,हम अंदुरुनी तौर पर देख रहे हैं, सबलोग आयेंगे तो अपना सुझाव देंगे। इसके बाद काम शुरु हो जायेगा। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के इनकार के बाद सीएम नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव बिहार में जातिगत जनगणना कराने पर अड़े हैं। वहीं सरकार में सबसे बड़ा दल बीजेपी इसके पक्ष में नहीं है। पिछले दिनों तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार से मुलाकात की थी और मीटिंग में जातीय जनगणना कराए जाने पर चर्चा की थी। दोनों के बीच हुई मुलाकात को लेकर सियासी गलियारे में काफी तरह के कयास भी लगाए जाते रहे, लेकिन अब नीतीश कुमार ने खुद कह दिया है कि बिहार में जातीय जनगणना कराए जाने के पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई जा रही है। हालांकि इस सर्वदलीय बैठक का समय अभी तय नहीं किया गया है लेकिन मुख्यमंत्री ने यह जरुर कहा है कि यह जल्द बुलाई जाएगी।

## NEWS IN BRIEF

### अहीर रेजिमेंट को मान्यता दे सरकार:पप्पू यादव

पटना। अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर चल रहे मार्च को जाप राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव ने गांधी मूर्ति गांधी मैदान से झंडा दिखाकर सोमवार को रवाना किया। पप्पू यादव ने सेना में अहीर रेजिमेंट की मांग करते हुए कहा कि अहीर रेजिमेंट हमारा अधिकार हैं। अहीर सैनिकों का देश की रक्षा का स्वर्णिम इतिहास रहा हैं। यह एक लड़ाकू दस्ता है।युद्ध के सभी मोर्चों पर ये लोग सबसे अग्रिम कतार में होते हैं। हमारी मांग है कि भारत सरकार पुनः इसे अहीर रेजिमेंट के रुप में मान्यता दें।

### सत्तापक्ष और विपक्ष के द्वारा बीपीएससी घोटाले में रणजीत कुमार सिंह को बचाया जा रहा है

जाप सुप्रीमों पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में सत्ता पक्ष और विपक्ष बीपीएससी मुद्दे पर मौन हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष के द्वारा आईएएस रणजीत कुमार सिंह को बचाने का प्रयास किया जा रहा हैं। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले आईएएस अधिकारी के राजनीतिक संरक्षण की जांच होनी चाहिए। रणजीत जी और बीपीएससी प्रश्नपत्र लीक मामले के आरोपी कृष्ण मोहन के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध हैं। इन दोनों के बीच लगातार बातचीत के साथ साथ प्रश्नपत्रों का आदान प्रदान हो रहा था। पप्पू यादव ने कहा कि जबतक रणजीत पर इंक्वायरी नहीं होती है जन अधिकार पार्टी आंदोलन करेगी। मौके पर जाप राष्ट्रीय महासचिव प्रेमचन्द सिंह, राजेश पप्पू, पटना जिलाध्यक्ष सचिदानन्द यादव उपस्थित थे।

## नालंदा में आत्म ज्ञान वाटिका का किया गया लोकार्पण

बीएनएम@बिहारशरीफ

बिहारशरीफ। मानव जीवन भक्ति और प्रकृति के बिना निरर्थक है। प्रकृति में अन्न, जल, वायु व अन्य सभी तरह के संसाधन उपलब्ध कराती है। हम प्रकृति के जितना नजदीक रहेंगे, उतना ही हम निरोग रहेंगे। हमारा मन और आत्मा शांत रहेगी। 'आत्म ज्ञान वाटिका पुस्तक में मन और आत्मा की सच्ची झलक मिलती है। कविता रुप में संकलित यह पुस्तक संदेश देने में सक्षम है। बिहारशरीफ निचली किला सभागार में 'आत्म ज्ञान वाटिका पुस्तक के लोकार्पण के मौके पर साहित्यकारों ने ये बातें कहीं। यह पुस्तक गीतात्मक साहित्य शैली की अमूल्य निधि है। संयोजक डॉ. गोपाल शरण सिंह ने कहा कि लेखक प्रकाश महतो 'वियोगी जी की कविताएं मन को छू जाती हैं। साहित्यिक मंडली शंखनाद के अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत सिंह कहा कि यह पुस्तक पाठकों को बहुत कुछ कह जाती है।

## अति पिछड़ा समाज के उत्थान को लेकर नीतीश सरकार की कई योजनाएं: निषाद

बीएनएम@गया

गया। गया शहर के गांधी मंडप में जनता दल यू के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की संगठनात्मक समीक्षा बैठक सोमवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता जदयू के जिलाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद ने की और संचालन पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद कुमार ने किया। संगठनात्मक समीक्षा बैठक के मुख्य अतिथि अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक विजय सिंह निषाद उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष निषाद ने कहा कि अति पिछड़ा प्रकोष्ठ जदयू संगठन और नीतीश सरकार की बुनियाद है। नीतीश सरकार अति पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं चला रही है। अति पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवकों के लिए मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, छात्र- छात्राओं को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रत्येक जिले में कर्पूरी छात्रावास, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना और ऐसे कई योजनाएं संचालित है। निषाद ने कहा कि नीतीश सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं के बल पर संगठन को घर- घर से जोड़े। श्री निषाद ने जिला अध्यक्ष से संगठन विस्तार के लिए तीन नामों की सूची उपलब्ध कराने का आग्रह किया। बैठक को संबोधित करते हुए जदयू सांसद विजय कुमार मांझी ने कहा कि अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की संगठन पंचायत स्तर पर गठित किया गया है। अतिपिछड़ा वर्ग के कार्यकर्ताओं के सहायता में 24 घंटा उपलब्ध रहते हैं।

## नवादा से अपहृत नीतीश पटना में बरामद



बीएनएम@नवादा

नवादा। नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के दोसुत पंचायत स्थित बेल्ड़ा ग्रामीण लक्ष्मण सिंह के अपहृत पुत्र नीतीश कुमार को स्थानीय पुलिस ने सोमवार को पटना जिले के भदौर थाना के सहयोग से बरामद किया। युवक का अपहरण शादी के लिए किया गया था।बताया गया कि अपहृत नीतीश की बरामदगी भदौर थाना क्षेत्र से की गई। हालांकि नीतीश के भाई सोनु कुमार के द्वारा सीधे-सीधे अपहरण की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। जिसमें सोनु ने अपने साले लक्खीसराय जिले के सलोनाचक निवासी राजेश कुमार, ससर अरुण सिंह, साले राजेश के ससुर पटना जिले के वरुआने निवासी सुधीर सिंह व माफी गांव निवासी गौतम कुमार को नामजद अभियुक्त बनाया है.जिसमें स्थानीय पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए अरुण सिंह व सुधीर सिंह को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया और अपहृत की बरामदगी भी हो गई। परन्तु जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है। अपहरण के महज 24 घंटे के अंदर नीतीश का बरामदगी होना कई शक को जन्म दे रहा है।

**सूत्रों की मानें तो नीतीश की पकड़ौआ शादी वरुआने गांव निवासी सुधीर सिंह की पुत्री के साथ अपहरण के दिन ही गांव के बगीचा स्थित एक मंदिर में हो गई। जिसके बाद पुलिस की बढ़ती दविश के कारण नीतीश को छोड़ दिया गया। जिसे मंगलवार को नवादा व्यवहार न्यायालय में बयान दर्ज करा मुक्त किया जा सकता है।**

इधर क्षेत्र में चर्चा जोरों पर है कि दशक भर पहले इस तरह की शादी आम तौर पर होते रहता था। परन्तु हाल के दिनों में बदलते परिवेश के कारण पकड़ौआ विवाह न के बराबर होने लगी या समाप्ति के कगार पर भी कहा जा सकता है। बहरहाल अपहृत नीतीश मंगलवार को न्यायालय में क्या बयान कलमबंद कराता है, यह देखना बाकी है। अपहृत की बरामदगी की पुष्टि थानाध्यक्ष पवन कुमार ने की।

## मुफ्त शिक्षा कानून को लागू करे विश्वविद्यालय: एआईएसएफ

बीएनएम@बेगूसराय

बेगूसराय। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ) ने मुफ्त शिक्षा कानून को धरातल पर लाने सहित विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति को स्मार पत्र सौंपा है। एआईएसएफ कार्यकर्ताओं ने एसबीएसएस कॉलेज बेगूसराय के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होने सोमवार को आए कुलपति को मांग पत्र सौंपकर विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं के निवारण की मांग की है। एआईएसएफ यह प्रतिनिधिमंडल ने मांग पत्र के माध्यम से छात्राओं एवं अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए बने केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा कानून को पूरी तरह धरातल पर लागू करने की मांग की है। इसके साथ ही स्नातक प्रथम एवं द्वितीय खंड, पीजी द्वितीय सेमेस्टर एवं अन्य लंबित परीक्षाफल को शीघ्र प्रकाशित करने, जिले के सभी अंगीभूत महाविद्यालय में पीजी की पढ़ाई शुरु करने, लगातार बढ़ाए जा रहे नामांकन एवं शिक्षण शुल्क को कम करने, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के रिक्त पदों को अविलंब भरने की मांग की गई है।



# भगवान बुद्ध के मार्ग पर चलकर ही विश्व में शांति लाई जा सकती: फागु चौहान



बीएनएम@गया

गया। भगवान बुद्ध की पावन ज्ञान भूमि बोधगया में सोमवार को भव्य तरीके से भगवान बुद्ध की 2566 वी जयंती मनाई गई। इसे लेकर बोधगया स्थित विभिन्न देशों के बौद्ध महाविहारो को आकर्षक रुप से सजाया गया। भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बिहार के राज्यपाल फागु चौहान भी बोधगया पहुंचे। जहां उनका स्वागत बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमिटी के सदस्यों ने पुष्प गुच्छ देकर किया। इसके बाद वे विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर के गर्भगृह में गए और भगवान बुद्ध के दर्शन किए। मंदिर के प्रांगण में ही स्थित पवित्र बोधिवृक्ष के नीचे आयोजित कार्यक्रम में वे बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मुख्य रुप से बोधगया टेंपल मैनेजमेंट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बोधगया भगवान बुद्ध की ज्ञान भूमि है। यहीं से पूरी दुनिया में ज्ञान का प्रकाश फैला। आज के वैश्वीकरण के युग में भगवान बुद्ध के संदेश प्रासंगिक हैं। भगवान बुद्ध के संदेशों का अनुसरण लोगों को करना चाहिए। बुद्ध के बताए मार्ग पर चलकर ही पूरे विश्व में शांति लाई जा सकती है। महाबोधि मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद राज्यपाल फागु चौहान श्रीलंकाई महाविहार गए। जहां उन्होंने भगवान बुद्ध और उनके दो परम शिष्य सारीपुत्र और महामोग्गलान के अस्थि कलश के दर्शन किए। श्रीलंकाई महाविहार के प्रभारी भिक्षु भंते राहुल के द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके बाद राज्यपाल पटना के लिए वापस लौट गए। इस मौके पर श्रीलंकाई महाविहार के प्रभारी भिक्षु भंते राहुल ने कहा कि आज का दिन बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए सबसे बड़ा दिन है। आज हमलोग भगवान बुद्ध की 'त्रिविध जयंती' मना रहे। त्रिवेदी कहने का मतलब यह होता है कि आज ही के दिन भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। आज ही के दिन उन्हें बोधगया में ज्ञान की प्राप्ति हुई थी और उनका महापरिनिर्वाण भी आज ही के दिन हुआ था। भगवान बुद्ध के जीवनकाल की तीनों घटनाएं वैशाख पूर्णिमा के दिन ही हुई थी। इसलिए हमलोग इसे 'त्रिविध जयंती' के रुप में मनाते हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना कारण विगत दो सालों से बुद्ध जयंती का आयोजन नहीं हो रहा था। इस बार आयोजन होने से हमें काफी खुशी हुई है।

## NEWS IN BRIEF

### बिहार कैबिनेट में बदलाव पर मुख्यमंत्री ने कहा- जब होगा तो पता चल जायेगा

पटना। बिहार कैबिनेट का विस्तार या फेरबदल को लेकर इन दिनों लगातार चर्चा हो रही है। हमेशा से इस सवाल से बचते रहने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज साफ कर दिया किअभी ऐसा कुछ नहीं है लेकिन जब होगा तो आपलोगों को भी पता चल जायेगा। बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर बुद्ध स्मृति पार्क पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पत्रकारों के पूछे सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जो होगा उस दिन आपको पता नहीं चलेगा ? यानि मुख्यमंत्री का यह बयान यह बताने के लिए काफी है सरकार में मंत्रियों का चेहरा बदला जा सकता है।

### बाइक शोरुम कर्मी की हत्या कर बदमाशों ने लूटा 6,66000 रुपये

कटिहार। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सिरसा में सोमवार को हीरो बाइक शो रुम के कैशियर की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर छह लाख 66 हजार रुपए लूट लिए। बाइक कर्मी रुपए लेकर बैंक जा रहा था। पुलिस ने बताया कि रजत प्रतीक (35) हीरो मोटोकॉर्प कंपनी के शोरुम में काम करता था। वह सहायक थाना क्षेत्र के बरमसिया पीएनटी चौक का रहने वाला था। शोरुम कर्मी हृदय नारायण सिंह ने बताया कि कैशियर रजत प्रतीक शोरुम के चपरासी सूरज कुमार के साथ बैग में नगद छह लाख 66 हजार भरकर बैंक जा रहे थे। बैंक शोरुम से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। इसी दौरान पहले से घात लगाए एक बाइक पर दो अपराधियों ने रजत को रोक बैग छीनने लगा। रजत ने इसका विरोध किया तो अज्ञात अपराधियों ने कैशियर को पाँच गोली मारकर रुपये से भरा बैग लूट कर फरार हो गए।

## आईजीआईएमएस पटना के लाइब्रेरी में गिरा फॉल सीलिंग

बीएनएम@पटना

पटना। बिहार के सबसे बड़े अस्पताल में आने वाला इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस) में सोमवार को एक बड़ा हादसा होने से बच गया।आज सुबह जब आईजीआईएमएस पटना के लाइब्रेरी में कई चिकित्सक पढ़ाई कर रहे थे, इस दौरान लाइब्रेरी का फॉल सीलिंग गिर गया और जोरदार आवाज से सभी के बीच अफरातफरी मच गई। राहत की बात यह रही कि जहां फॉल सीलिंग गिरा वहां पर कोई चिकित्सक नहीं थे, इसलिए घटना में किसी तरह का नुकसान होने से बचा गया।हादसे के कारणों की जांच जारी है। हादसे में करीब 15 फीट का फॉल सीलिंग गिरने की बात कही जा रही है। उल्लेखनीय है कि आईजीआईएमएस पटना में ऐसी घटनाएं होना कोई नयी बात नहीं है। इसके पहले भी कई बार यहां कुछ न कुछ ढांचागत निर्माण से जुड़े कई घटनाएं हो चुके है।

## मगध विश्वविद्यालय के लाखों छात्रों का भविष्य अधर में

बीएनएम@बोधगया

बोधगया। कभी अपनी गरिमा और अच्छी पढ़ाई के लिए चर्चित रहा मगध विश्विद्यालय आज शैक्षणिक अराजकता, वित्तीय अनियमितता, भ्रष्टाचार, फर्जी डिग्री के लिए बदनाम हो गया है। आज मगध विश्विद्यालय में तथा इसके अंगीभूत और संबद्ध कॉलेजों में नामांकित लाखों छात्रों का भविष्य आधार में पड़ गया है। पिछले कई वर्षों से इस विश्विद्यालय की यही स्थिति चली आ रही है। छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।सभी शैक्षणिक सत्र लेट चल रहा है। न पढ़ाई और न ही परीक्षा लेने की चिंता मगध विश्विद्यालय के पदाधिकारियों को है। कुलपति से लेकर परीक्षा नियंत्रक का पद प्रभार में है। दूसरे - दूसरे विश्विद्यालय पदाधिकारी को यहां का प्रभार दिया गया है। ये सभी पदाधिकारी नियमित रुप से यहां नहीं बैठ पाते हैं, जिसके कारण किसी तरह का कोई काम नहीं हो पा रहा है। सबसे परेशान यहां से पास आउट हो चुके लोगों को झेलनी पड़ रही है। समय से डिग्री नहीं मिलने के कारण अनेकों लोगों को नौकरी नहीं मिल पायी। पिछले छः महीने से मगध विश्विद्यालय में कोई पदाधिकारी नहीं हैं। कुलपति पर करोड़ों रुपए के घोटाले के आरोपी होकर फरार हैं, जबकि चार पदाधिकारी जेल में चार महीने से हैं। नतीजा है कि यहां का सभी तरह का काम ठप पड़ा हुआ है। छात्र समय से परीक्षा लेने और परीक्षाफल प्रकाशित करने की मांग कर रहे हैं।परंतु कुछ नहीं हो पा रहा है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर मुख्यमंत्री ने बोधिवृक्ष को पानी दे की पूजा

बीएनएम@पटना

पटना। भगवान बुद्ध का अवतरण दिवस बुद्ध पूर्णिमा आज पूरे बिहार में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है और आज बुद्ध पूर्णिमा के पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना जंक्शन स्थित बुद्ध स्मृति पार्क पहुंचे। जहां उन्होंने बोधगया से लाकर लगाए गए बोधिवृक्ष को पानी दिया। साथ ही बुद्ध स्मृति में करुणा स्थल जाकर बुद्ध की अस्थियों का दर्शन किया। इसके बाद वह उपासना स्थल भी पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि भगवान बुद्ध के बताए हुए अष्टांगिक मार्ग पर चलकर मनुष्य और संतुलित जीवन यापन करने में सक्षम हो सकता है। उन्होंने कामना की कि भगवान बुद्ध की शिक्षा को आत्मसात कर हम आपसी प्रेम और सद्भाव की भावना और मजबूत करें। भगवान बुद्ध का जीवन हर किसी के लिए प्रेरणादायक है। उनके जीवन दर्शन से हमें प्रेम, शांति, सद्भाव, त्याग, अहिंसा और संयम जैसे गुणों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है।



## मानसून पूर्व तैयारी की समीक्षा 21 मई को



बीएनएम@पटना

पटना। नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत पटना के विभिन्न हिस्सों शेरशाह लिंक रोड, करमलीचक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यों का सोमवार को उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने जायजा लिया।इस क्रम में उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जो सड़कें योजना के क्रियान्वयन के लिए काटी गयी हैं अथवा गड्ढे की खुदाई की गई है, उन्हें हर हाल में 31 मई तक पूर्ण करा लिया जाए। साथ ही उन सड़कों को मोटरेबल किया जाए ताकि आम नागरिकों को बारिश के समय आवागमन में कठिनाई नहीं हो। उपमुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जब तक पुराने गड्ढे के कार्य समाप्त न हो जाएं, तब तक नए गड्ढे नहीं खोदे जाएं। उन्होंने कहा कि जो संवेदक अथवा अभियंता इन सभी कार्यों में कोताही बरतेंगे, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि सड़कों को मोटरेबल करने के पश्चात् पथ निर्माण विभाग उन सड़कों को पुन: यथास्थिति प्रदान करने के लिए 15 जून तक निर्माण कार्य पूर्ण करने की दिशा में काम करेगा। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के स्थल निरीक्षण के क्रम में उप मुख्यमंत्री पहाड़ी जोन-5 एसटीपी के तहत शेरशाह लिंक रोड में चल रहे कार्यों की स्थिति का जायजा लिया एवं करमलीचक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में छः रिएक्टरों द्वारा चार स्तरीय जल शोधन प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों एवं अभियंताओं को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अशोक राजपथ एवं खाजेकलां लिंक रोड में भी सड़कें खोदी गई हैं, इन सड़कों पर यातायात का भारी दबाव है, ऐसी स्थिति में इसे 31 मई तक हर हाल में मोटरेबल कराए जाएं। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि 21 मई को पटना शहरी क्षेत्र में मानसून पूर्व तैयारी की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित होगी, जिसमें नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव, प्रमंडलीय आयुक्त, जिला पदाधिकारी, पटना के नगर आयुक्त, बुडको के प्रबंध निदेशक सहित पटना, दानापुर, फुलवारीशरीफ के सभी विधायकगण उपस्थित रहेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में मानसून के समय संभावित कठिनाइयों और उसके निराकरण के बिंदुओं पर चर्चा होगी।

BORDER NEWS MIRROR



# मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का नाम लेने या सुन लेने भर से ही जीवन सार्थक हो जाता है: डॉ. अतुल



बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। रामगढ़वा अंचल के मुशहरी गांव में नौ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ सह श्री रामकथा के सातवें दिन का शुभारंभ जिले के नामचीन चिकित्सक डॉ. अतुल कुमार, वरीय संस्कृतिकर्मी अभय अनन्त एवं रवीश कुमार मिश्रा तथा भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ अधिकारी सह वरीय संस्कृतिकर्मी अनिल कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने उद्घाटन संबोधन में डॉ. अतुल कुमार ने कहा सतयुग में तप से, त्रेता में यज्ञ से, द्वापर में दान से जो फल मिलता है, कलियुग में केवल 'राम' नाम स्मरण से ही उस फल की सहज प्राप्ति हो जाती है। 'राम' नाम के जप से ही जीव की जन्म जन्मांतर की समस्त आधि-व्याधि दूर हो जाती है और प्रभु शरण गति की प्राप्ति हो जाती है। मुख्य अतिथि अभय अनन्त ने कहा कि भगवान राम विषम परिस्थितियों में भी नीति सम्मत रहे। उन्होंने वेदों और मर्यादा का पालन करते हुए सुखी राज्य की स्थापना की। स्वयं की भावना व सुखों से समझौता कर न्याय और सत्य का साथ दिया। फिर चाहे राज्य त्यागने, बाली का वध करने, रावण का संहार करने या सीता को वन भेजने की बात ही क्यों न हो। साथ ही रवीश मिश्रा ने भगवान राम के जीवन के कई अनछुए पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सहनशीलता व धैर्य भगवान राम का विशेष गुण है। कैकेयी की आज्ञा से वन में 14 वर्ष बिताना, समुद्र पर सेतु बनाने के लिए तपस्या करना, सीता को त्यागने के बाद राजा होते हुए भी संन्यासी की भांति जीवन बिताना उनकी सहनशीलता की पराकाष्ठा है। वहीं एलआईसी अधिकारी सह वरीय संस्कृतिकर्मी अनिल वर्मा ने कहा कि भगवान श्रीराम का संपूर्ण जीवन कठिन संघर्षों के बावजूद उच्च नैतिक मूल्य व आदर्शों की बुनियाद पर टिका था। श्री वर्मा ने कहा कि श्री राम का जीवन दर्शन, उनका विराट व्यक्तित्व अद्भुत है। राजधर्म, त्याग उनके कण- कण में बसा था, इसलिए श्रीराम सिर्फ भारत के बहुसंख्यक वर्ग के इष्ट और अराध्य नहीं हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति के शिखर पुरुष हैं। महायज्ञ में कटिहार से आए देश के प्रख्यात श्रीराम कथावाचक आचार्य पंडित गिरीशानंदजी महाराज अपने ओजपूर्ण वाणी से रामकथा के प्रसंगों से सुंदर व्याख्या से वातावरण को भक्तिमय बना रहे हैं। अनिल वर्मा ने बताया कि महायज्ञ के शुभारंभ से एक दिन पूर्व भव्य मंदिर निर्माण व श्री हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

## NEWS IN BRIEF

### खुदाई के दौरान अष्टधातु की दो मूर्तियां सहित तीन मूर्ति बरामद

पताही। प्रखंड क्षेत्र के बोकाने काला गांव में जमीन की खुदाई के दौरान अष्टधातु की दो मूर्तियां सहित तीन मूर्ति बरामद की गई है। इसमें एक मूर्ति विष्णु भगवान की है। वही एक पत्थर की मूर्ति भी बरामद हुई है। जिसमें कई भगवान की आकृति बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार बोकाने गांव निवासी सुजीत सिंह खेत में खुदाई के दौरान यह मूर्तियां मिली है। जमीन की खुदाई जेसीबी से की जा रही थी। इसी दौरान अष्टधातु से बना विष्णु भगवान की करीब तीन फीट की मूर्ति मिली। वही मूर्ति मिलने के बाद देवता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का भीड़ उमर पड़ा। दूर-दूर से मूर्ति को देखने के लिए देर रात तक लोगों का पहुंचना जारी रहा। मूर्ति कब की है। यह अब तक साफ नहीं हो सका है। मूर्ति मिलने के बाद पूरे प्रखंड में खुशियों का लहर दौड़ गया। श्रद्धालूओं की ओर से भजन कीर्तन का कार्यक्रम शुरु कर दिया गया है। बोकाने कला पंचायत के पैक्स अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने बताया कि सुजीत सिंह का पोखरा का खुदाई कराई जा रहा था। लगभग 5 फीट खुदाई होने के बाद वहां से अष्ट धातु का मूर्ति बरामद हुई है।

### आर्य विद्यापीठ के बच्चे तलवारबाजी में बन रहे हुनरमंद

मोतिहारी। बालगंगा स्थित आर्य विद्यापीठ स्कूल के बच्चे राज्य स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता के लिए तैयार हो रहे हैं। विगत 12 दिनों से स्कूल प्रांगण में चल रहा था कैंप,जिला फेंसिंग एसोसिएशन के ज्वाइंट सेक्रेटरी अप्पू कुमार बच्चों को बना रहे हुनरमंद थे। तलवारबाजी का आयोजन आर्य विद्यापीठ के लार्ड बुद्धा ऑडिटोरियम में हुआ। जिसमे आर्य विद्यापीठ के 27 बच्चों ने भाग लिया।

## बेतिया मे आनंद मार्गियों ने मनाई आनंदमूर्ति जी की शताब्दि जन्मोत्सव

बीएनएम@बेतिया

बेतिया। मानव हर जगह एक है, एक है चुल्हा, एक है चौका, एक है मानव समाज का नारा लगाते हुए आनंदमार्गियों द्वारा सोमवार को आनंदमूर्ति का शताब्दि जन्मोत्सव मनाया। नगर के उत्तरवारी पोखरा स्थित आनंद मार्ग प्रचारक संघ भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सुबह छह बने से नौ बजे तक भजन का कार्यक्रम हुआ। संघ के भुक्ति प्रधान भोला प्रसाद सिंह ने बताया कि इसके बाद सामूहिक धर्म चक्र किया गया। जिसके बाद शोभा यात्रा निकाली गई। जो नगर के उत्तरवारी पोखरा से नया बाजार होते हुए तीन लालटेने चौक फिर संघ भवन तक पहुंची। उन्होंने बताया कि आनंद मार्ग की स्थापना 1955 में की गई थी। जिसके संस्थापक आनंदमार्गी थे, जिन्हें गण बाबा भी पुकारते थे। उनका जन्म 1921 में वैशाख पूर्णिमा के दिन हुआ था।

## मोटर साइकल सवार अपराधियों ने ठीकेदार जय प्रकाश को गोलियों से भुना, मौत


बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। चकिया बायपास पर ठीकेदार जयप्रकाश प्रसाद की गोली मार कर हत्या कर दी गयी है। नेशनल हाईवे पर ब्रियानी हाउस के सामने मोटर साइकल सवार अपराधियों ने इनोवा पर सवार जयप्रकाश को तडातड छह गोलिया मारी। जख्मी जयप्रकाश को अस्पताल लाया गया जहा चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी है। घटना के बाद पुलिस पदाधिकारी मौका-ए-बारदात पर पहुंचे तब तक अपराधी फरार हो चुके थे। मृतक जय प्रकाश डुमरिघाट थाने क्षेत्र स्थित सरोतर गाँव के रहने वाले थे। मोतिहारी के बरियारपुर में उनके ही माकन में सेंट्रल बैंक स्थित है। घटना के वक्त जय प्रकाश के ड्राईवर को भी गोली लगी है। जिसमे वो भी बुरी तरह से घायल हो गया। चालक का इलाज़ एक निजी अस्पताल में हो रहा है। सनद रहे कि जयप्रकाश दश वर्षों में अकूत सम्पति को अर्जित कर चूका था। जमीन के कारोबार के साथ साथ गिट्टी रैक और ठीकेदारी में उसकी बादशाहत थी। पश्चिमी चंपारण के एक दबंग जनप्रतिनिधि से जुड़े होने के कारण उसको ठीकेदारी लगातार मिल रही थी। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि जयप्रकाश पर हमला मोतिहारी से पटना जाने के क्रम में कर दी गयी। अपराध और अपराधियों के मामले में जीरो टॉलरेंस वाले पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष के समक्ष ये हत्या भी एक चुनौती की तरह है।

## घर का ताला तोड़कर दस लाख रुपये मूल्य के गहने व नगद की चोरी

बीएनएम@चिरैया

चिरैया। थाना क्षेत्र के बरैठा भुमिहारी टोला गांव में शनिवार की देर रात एक किराना दुकानदार के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने करीब दस लाख रुपये मूल्य की सम्पत्ति चोरी कर लिया है। इस मामले मे पीड़ित किराना दुकानदार वेदप्रकाश केसरी पिता स्व. सुभाष प्रसाद केसरी ने थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुये कहा कि शनिवार की सुबह सपरिवार रिश्तेदार के शादी में शामिल होने के लिए गया था। रविवार की सुबह अपने दुकान खोलने के लिए अकेले ही घर पर आया। दुकानदार अपने घर के मुख्य दरवाजे पर गया तो देखा कि मेन गेट का ताला टुटा हुआ है। जब वे घर के अंदर गए तो देखा कि दो गोदरेज अलमारी टुटा हुआ है और पलंग का बिछावन भी बिखरा हुआ था। उन्होंने बताया कि चोरों ने एक लाख बीस हजार रुपये नगद, करीब दस लाख के गहने व कपड़ों की चोरी कर लिया है। इधर थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि आवेदन पत्र प्राप्त हो गया है। इसकी जांच की जा रही हैं।



## वार्ड सदस्यों एवं सचिव पर दर्ज होगी प्राथमिकी




बीएनएम@पताही

पताही। प्रखंड क्षेत्र के 6 वाट सदस्यों एवं सचिव की ओर से अपने वार्ड का अकेक्षण कार्य नहीं कराया गया है। जिसको लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी रितु रंजन कुमार ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को पत्र भेजकर सभी छह तत्कालीन वार्ड सदस्य एवं तत्कालीन सचिव पर प्राथमिकी दर्ज करने की अनुमति मांगी है। अनुमति मिलते हैं सभी छात्र कालीन वार्ड सदस्य सचिव पर अकेक्षण कार्य नहीं कराने को लेकर प्राथमिकी दर्ज होगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को भेजे पत्र में कहा गया है कि प्रखंड क्षेत्र के बेतवना पंचायत के वार्ड दो के तत्कालीन वार्ड सदस्य अंजू देवी, सचिव मदन मोहन प्रसाद, वार्ड चार के तत्कालीन वार्ड सदस्य रामसागर प्रसाद, सचिव मिंटू देवी, वार्ड सात के वार्ड सदस्य चंदा देवी, सचिव पूनम देवी, नोनफरवा पंचायत के वार्ड छह तत्कालीन वार्ड सदस्य रमन महतो, सचिव रामजतन बैठा, बड़ाशंकर पंचायत के वार्ड आठ के तत्कालीन वार्ड सदस्य जैविन्द राम, सचिव रिंकू देवी, बोकाने काला पंचायत के वार्ड सदस्य चंद्रदीप महतो , सचिव रीता देवी द्वारा अपने वार्ड में हुए कार्य का अकेक्षण कार्य नहीं कराया जा रहा है। इन सभी तत्कालीन वार्ड सदस्यों एवं सचिव को बार-बार अंकेक्षण कार्य कराने को सूचित किया गया। जिसके बाद भी इन लोगों द्वारा अंकेक्षण कार्य नहीं कराया जा रहा है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी है रितु रंजन कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के छह वार्ड के वार्ड सदस्यों द्वारा अपने वार्ड का अकेक्षण कार्य नहीं कराया जा रहा है। प्राथमिकी दर्ज करने की अनुमति विराज पदाधिकारियों से मांगी गई है। आदेश मिलने के बाद वार्ड सदस्यों एवं सचिव पर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

BORDER NEWS MIRROR

U.P

Tuesday
17-05-2022



# बुद्ध की जयंती पर जाति-भेद, हिंसक मनोवृत्ति, द्वेष को जीवन से त्यागने का लें संकल्प: मायावती



बीएनएम@लखनऊ।

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने देश व दुनिया में रहने वाले तथागत गौतमबुद्ध के करोड़ों अनुयाईयों को बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक बधाई और सुख, शांति, गरीबी व लाचारी-मुक्त जीवन की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि दूसरों के प्रति दया, करुणा, दानशीलता एवं इंसानियत को जिंदा रखने की परम्परा को हर हाल में बनाये रखना जरुरी है। जिसके प्रति ही गौतमबुद्ध ने सब कुछ त्यागकर अपना जीवन समर्पित किया व महामानवतावादी कहलाये। जिससे ही आगे चलकर भारत की दुनिया में अलग छवि बनी। बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सोमवार को जारी अपने बयान में मायावती ने कहा कि गौतमबुद्ध जिन्होंने सत्य, अहिंसा, भाईचारा व मानवता की आदर्श ज्योति को पूरी दुनिया में फैलाकर भारत को जगदगुरु का सम्मान दिलाया। उनकी जयंती पर खासकर जाति-भेद, हिंसक मनोवृति, द्वेष आदि को जीवन से त्यागने की प्रतिज्ञा को दोहराने का दिन है। क्योंकि इसी से जीवन व देश में सच्ची सुख-शांति एवं तरक्की निहित है। इसका मूल बाबा साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर ने देश के संविधान में पूरी तरह से स्थापित किया है। लेकिन इसे देश के आम जीवन में उतारने की जिम्मेदारी सरकारों ने संकीर्ण स्वार्थ की खातिर लगातार भूला दिया गया है, जिस कारण आज अपने देश में भी आमजन जीवन की सुख-शांति से दूर होता जा रहा है। एशिया के ज्योति पुंज के रुप में माने जाने वाले गौतमबुद्ध ने भारतीय इतिहास को सत्यपरक ज्ञान से सुशोभित किया। उनके अनुयाईयों में सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य व महान सम्राट अशोक ने 'बहुजन हिताय व बहुजन सुखाय' को अपने संविधान के मूल सूत्र के रुप में स्थापित कर सामाजिक क्रांति की मजबूत नींव डाली। ऐसे ही महामानतावादी तथागत गौतमबुद्ध की जयंती बुद्ध पूर्णिमा के रुप में मनाई जाती है। उनका अशिक्षित, उपेक्षित व शोषित वर्ग के सभी लोगों को अमर उपदेश था 'अप्प दीपो भव:' अर्थात शिक्षित बनो, खुद ऊपर उठो व अपना प्रकाश स्वयं बनो। जिसका हर दौर से ज्यादा वर्तमान समय में बहुत ही ज्यादा महत्व है, जिस पर अमल करके महान लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सकती है।

## NEWS IN BRIEF

### कानपुर देहात के रसूलाबाद 63 बांग्लादेशी विस्थापित परिवार आवास पहुंचे

कानपुर देहात। मेरठ के हस्तिनापुर में मील बंद होने से विस्थापित 63 परिवारों को सरकार की बेहतर नीति के चलते रहने को आवास मिल गया। जनपद के नायब तहसीलदार के नेतृत्व में परिवारों को रसूलाबाद तहसील लाया गया, जहां पर काशीराम कॉलोनी में बने कम्युनिटी सेंटर में फिलहाल उन्हें रोका गया है। प्रदेश सरकार हर उस इंसान को उसका हक दिला रही है जिसका वो लाभार्थी है। इसी कड़ी में बांग्लादेशी हिंदू परिवारों को बसाने की कवायद कानपुर देहात के रसूलाबाद तहसील क्षेत्र के भौसायां गांव में तेजी से शुरु हुई। जहां पर मेरठ के हस्तिनापुर से नायब तहसीलदार मनोज रावत के नेतृत्व में तीन बसों के माध्यम से 63 परिवारों को रसूलाबाद सोमवार को लाया गया। सभी परिवारों को ठहरने के लिए काशीराम कॉलोनी में 23 परिवारों की व्यवस्थाएं की गई।

### अखिलेश यादव ने बुद्ध पूर्णिमा की दी शुभकामनाएं

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 'बुद्ध पूर्णिमा' के पावन पर्व पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और अनंत शुभकामनाएं दी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस दौरान अपने अधिकारिक ट्वीटर हैंडल पर एक फोटो को साझा किया है। इसमें वह भगवान बुद्ध के चरणों में बैठे हैं। इस दौरान उन्होंने कैप्शन में लिखा है कि 'बुद्धं शरणं गच्छामि। धम्मं शरणं गच्छामि। शांति और अहिंसा के दूत भगवान बुद्ध को नमन बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं।

## प्रयागराज:आटो पलटने से एक की मौत, आधा दर्जन घायल

बीएनएम@प्रयागराज

प्रयागराज। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के पीला शिवाला मार्केट के पास सोमवार दोपहर बाद आटो पलटने से एक अधेड़ की मौत हो गई। हादसे में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के हिम्मतगंज निवासी शकील (55) पुत्र जिया मोहम्मद सोमवार दोपहर आटो में सवार होकर कहीं जा रहा था। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के पीला शिवाला मार्केट के पास आटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में आटो में सवार सभी लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अधीक्षक नगर दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि पूरामुफ्ती में एक आटो पलटने से एक अधेड़ के मृत्यु की सूचना है। स्थानीय पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है।

## वाराणसी: ज्ञानवापी मस्जिद में लगातार तीसरे दिन सर्वे, सुरक्षा का व्यापक प्रबंध

बीएनएम@वाराणसी

वाराणसी। ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले में न्यायालय के निर्देश पर लगातार तीसरे और अन्तिम दिन सोमवार को भी कड़ी सुरक्षा के बीच मस्जिद परिसर में सर्वे की कार्यवाही चल रही है। अधिवक्ता कमिश्नर के साथ वादी-प्रतिवादी पक्ष के कुल 52 सदस्यों की मौजूदगी में परिसर में सर्वे हो रहा है। दोपहर 12 बजे तक शेष 20 फीसदी बचे कार्यों की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी होनी है। माना जा रहा है कि सर्वे टीम और उच्चाधिकारी आपस में विमर्श के बाद परिसर में मौजूद तालाब का पानी निकालकर उसकी भी वीडियोग्राफी करा सकते है। इसके बाद वीडियोग्राफी की चिप कोर्ट कमिश्नर को सौंप दी जाएगी। मंगलवार 17 मई को कमीशन की कार्यवाही की रिपोर्ट कोर्ट कमिश्नर को न्यायालय में दाखिल करना है। इसके पहले रविवार को मस्जिद व गुंबद के बाद तहखाने के भी कुछ हिस्सों की फोटो और वीडियोग्राफी हुई थी। इसमें गुंबद के हिस्से में अलग बनावट नजर आई। चर्चा है कि मस्जिद परिसर के गुंबदों की बनावट जैसी बाहर से नजर आती है भीतर से काफी अलग है। इसके पहले सर्वे टीम चौक थाने से कड़ी सुरक्षा के बीच ज्ञानवापी मस्जिद के लिए रवाना हुई। मस्जिद परिसर में प्रवेश के पूर्व सभी सदस्यों के मोबाइल फोन जमा करा लिया गया। सर्वे के चलते लगातार तीसरे दिन ज्ञानवापी मस्जिद से लगभग एक किलोमीटर की दूरी तक मार्ग प्रतिबंधित है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर मंत्रिमंडल को मिलेगा मोदी मंत्र



बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कुशीनगर और लुंबिनी का भ्रमण करने के बाद योगी सरकार के मंत्रियों के साथ मुलाकात करेंगे। योगी सरकार को 'मोदी मंत्र' मिलेगा। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी का यह मंत्र न सिर्फ 2024 के लिहाज से काफी अहम होगा बल्कि 2027 में योगी की पुन: वापसी में भी मील का पत्थर साबित होगा। केन्द्र की सत्ता हो या उत्तर प्रदेश की, अब भाजपा केवल विपक्ष को निशाने पर लेकर वापसी नहीं कर सकती। अब उसे अपनी सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना होगा। जनता के बीच खरा उतरना होगा। ऐसी तमाम चुनौतियों का सामना कैसे किया जाए, इसका हुनर प्रधानमंत्री मोदी को बखूबी आता है। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रुप में बार-बार वापसी करने वाले मोदी अपने अनुभवों के आधार पर योगी मंत्रिमंडल का मार्गदर्शन करेंगे। योगी सरकार के साथ उनकी यह मुलाकात बेहद अहम मानी जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को देर शाम योगी मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ मुलाकात करेंगे। उनकी यह मुलाकात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग पर होगी। माना जा रहा है कि बैठक में संगठन और सरकार के बीच तालमेल बना रहे, इस विषय पर भी मंथन होने की पूरी संभावना है। उप्र में भाजपा के नये अध्यक्ष की तलाश जारी है। इस अहम मुलाकात में एक तरफ जहां योगी के मंत्री अपना रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करेंगे, वहीं दूसरी ओर सरकार और संगठन से जुड़े तमाम विषयों पर प्रधानमंत्री मोदी का उन्हें मार्गदर्शन मिलेगा। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी ने आज एक ही दिन में भगवान बुद्ध की जन्मस्थली और निर्वाण स्थली पर जाकर देश के साथ ही दुनिया को भी संदेश दिया है। दुनियाभर में भगवान बुद्ध के अनुयायियों को संदेश है कि भारत से ही दुनिया को शांति का संदेश गया है। भारत से ही दुनिया को प्रकाश मिल सकता है। दो देशों के बीच आपसी संबंधों को मजबूती मिली है। वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल के सदस्यों को उनका मार्गदर्शन मिलेगा।

## ऑपरेशन क्लीन जारी : मुठभेड़ में चार लूटेरे घायल

बीएनएम@झांसी

झांसी। थाना मोठ और थाना पूछ क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में चार लुटेरों के पैरों में गोली लगने से घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इनके पास से असलहा कारतूस, लूट की घटना से संबंधित नगदी व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिलें बरामद हुई है। अब तक 30 शातिरों को ऑपरेशन क्लीन के तहत मुठभेड़ में घायल किया जा चुका है। एसएसपी शिवहरी मीना ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात करीब साढ़े 12 बजे के दरमियान जिले में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान थाना मोठ के बमरौली बाइपास जंगल की ओर जाने वाले रास्ते पर दो मोटर साइकिल पर आते चार व्यक्ति पुलिस को देखकर वापस भागने लगे। संदेह होने पर पुलिस ने उनका पीछा किया और आगे जंगल के पास बेकाबू एक मोटर साइकिल फिसल गई और उसमें सवार युवक गिर गये। पुलिस को अपने पास देखकर युवकों ने फायरिंग शुरु कर दी। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की, जिसमें दो युवक गोली से घायल हो गये।



# Editorial

## बुद्ध का स्मरण संतप्त जीवन की औषधि है

हम सभी अच्छी तरह जीना चाहते हैं परन्तु दिन-प्रतिदिन की उपलब्धियों का हिसाब लगाते हुए संतुष्टि नहीं होती है। दिन बीतने पर खोने-पाने के बारे में सोचते हुए और जीवन में अपनी भागीदारी पर गौर करते हुए आश्वस्ति कम और आक्रोश, घृणा, असहायता, कुंठा और शिकायतों का ढेर लग जाता है। मन के असीम स्वप्न और सीमित भौतिक यथार्थ के बीच प्रामाणिक, समृद्ध और पूर्ण जीवन की तलाश तमाम भ्रांतियों और अंतर्विरोधों से टकराती रहती है। आज जब सबकुछ ऊपर-नीचे हो रहा है तो क्या सोचें और क्या चुनें यह मुश्किल चुनौती होती जा रही है। दी हुई परिस्थितियों में कुशलतापूर्वक कैसे जीयें यह इस पर निर्भर करता है कि हमारी दृष्टि कैसी है। हम स्वयं अपने शरीर और अपने विचारों की चेतना भी रखते हैं। अपने अनुभवों की समझ भी विकसित करते रहते हैं। हम कहां स्थित हैं ? क्या पाना चाहते हैं ? और प्रतिबंध और सीमाएं क्या हैं ? इन प्रश्नों से रुबरु होते हुए भगवान बुद्ध बड़े प्रासंगिक हो उठते हैं। जरा (बुढ़ापा) और मरण की अनिवार्य सीमाओं और शरीर के व्यापारों की असारता ने उनको उद्वेलित किया था और इससे मुक्त होने की राह का सन्धान ही उनका लक्ष्य बन गया। महात्मा बुद्ध ने साहस के साथ भौतिक जगत की नि:सारता को स्वीकार किया और उससे उपजने वाले दुख के सत्य को उजागर किया । पर वे वहीं रुके नहीं, उसके शमन या निवारण का उपाय ढूंढ़ने का यत्न किया। उनका यत्न इस अर्थ में विशेष महत्व रखता है कि वह यथार्थ जगत के बीच से ही उपजता है। उनका प्रसिद्ध आठ अंगों (अष्टांग) वाला मार्ग बार-बार 'सम्यक् ' को दुहराता है। उसके अनुसार हमें हर तरह से सम्यक् होकर रहना है- दृष्टि में, संकल्प में, वाणी में, कर्मान्त में, आजीविका में, व्यायाम में, स्मृति में और समाधि में। सम्यक कहने से सामान्य अर्थ में अपने और संसार के बीच संतुलन और उपयुक्तता का बोध होता है। जो सम्यक होगा वह सबके लिये अनुकूल और हितकारी होगा। इस तरह सम्यक होना निजी स्वार्थ की सीमित दृष्टि से ऊपर ले जाता है और विचार प्रकिया को लोकहित में प्रतिष्ठित करता है।

## देश के साथ कदमताल में पिछड़ती गई कांग्रेस

**ऋतुपर्ण दवे**



इसमें शक नहीं कि कांग्रेस अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। उसके बाद भी चिंतन करना बताता है कि उम्मीदें बाकी हैं। चिंतन से ही सार निकलता है। लेकिन क्या कांग्रेस के उदयपुर चिंतन शिविर में सिवाय शीर्ष नेताओं की मौजूदगी और उनके बनाए स्क्रिप्ट के अलावा धरातल की विषय वस्तु पर भी विचार हुआ होगा? मुझे एकाएक शरद जोशी का चर्चित और पुराना व्यंग्य याद आ गया, जिसमें उन्होंने कांग्रेस पर तगड़ा कटाक्ष किया था। 1977 में तब कांग्रेस की तीस साल की हुकूमत के मौके पर लिखा व्यंग्य- 'तीस साल का इतिहास' जो उनकी पुस्तक 'जादू की सरकार' में संकलित है, बड़ा लोकप्रिय हुआ। उदयपुर में संगठन को लेकर किस तरह की चिंता की गई यह तो अंदरखाने की बात है लेकिन देश के लिए जो संदेश निकला उसमें युवाओं का नष्ट होता भविष्य, बेरोजगारी, जबरदस्त मंहगाई, मुद्रा स्फ़ीति और रुस-यूक्रेन युध्द के असर पर पूरा ध्यान केन्द्रित दिखाया गया। कांग्रेस कुछ राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों के साथ 2024 की रणनीति में अभी से जुटी लग रही है, जो ठीक भी है। लेकिन क्या 2 अक्टूबर गांधी जयन्ती से भारत जोड़ो पदयात्रा कर पार्टी का जनता के बीच जाने का ऐलान लोगों से पुराना रिश्ता दोबारा जोड़ पाएगा? कांग्रेस कितनी सफल होगी वक्त बताएगा। लेकिन जिस तरह से भाजपा अपनी सर्वोच्य लोकप्रियता के शिखर पर नित नए कीर्तिमान बनाती जा रही है वैसा कुछ कांग्रेस में कभी दिखा नहीं। हो सकता है तब लोगों की सोच और समझ अलग रही हो, न सोशल मीडिया का जमाना था और न न्यूज चैनलों की भरमार थी। चुनिंदा विकल्पों पर निर्भरता से लोगों की बातें भी एक-दूसरे तक खुलकर नहीं पहुंच पाती थीं। आज परिस्थितियां एकदम अलग हैं। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस ने देश के लिए किया कुछ नहीं। कांग्रेसी हुकूमत में देश ने कई कीर्तिमान और आर्थिक मोर्चों पर जबरदस्त सफलता पाई। उतार-चढ़ाव के बावजूद दुश्मनों ने भारत की ताकत का लोहा माना। कुछ लादे तो कुछ जबरन थोपे युध्दों ने भी बेहद मजबूत किया। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की नीतियों ने बुरे दौर में भी देश को संभाले रखा। लेकिन कांग्रेस ने हमेशा एक ही गलती की थी कि संगठन और लोगों के बीच जुड़े रहने की जहमत नहीं उठाई। इसे चाहे लगातार सत्ता में बने रहने की खुमारी कहें या सत्ता सुख भोग चुके नेताओं की अनदेखी तब इस बारे में चिंतन नहीं किया गया कि क्यों कांग्रेस से लोग छिटकते जा रहे हैं? आम व नए मतदाताओं की रुचि क्यों घट रही है? स्पष्ट बहुमत तक न पहुंच पाने पर ईमानदार आत्ममंथन या चिंतन का साहस क्यों नहीं हुआ? सब कुछ जानते हुए भी इससे एकदम बेखबर कांग्रेस की, बजाए खुद को जनता के बीच मजबूत बनाए रखने के गठबंधन जरिए सरकार में बने रहने की दिलचस्पी ज्यादा थी। नतीजा सामने है ऐसे ही पेंचों में फंसकर कांग्रेस दिनों दिन कमजोर होती चली गई। देश की बड़ी पार्टियों में शुमार होने के बावजूद लोग अब दूसरों को कांग्रेस के विकल्प के रुप में देखने और सोचने लगे हैं। यूँ तो 1967 में कांग्रेस के वर्चस्व को पहली चुनौती मिली और यह सिलसिला किसी न किसी रुप में लगातार चलता रहा। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उपजी सहानुभूति लहर में कांग्रेस ने एकबार फिर सारे कीर्तिमान ध्वस्त करते हुए 415 लोकसभा सीटें जीतकर जो रिकॉर्ड बनाया वह इस तरह ध्वस्त होगा किसी ने नहीं सोचा होगा। 1951-52 में हुए पहले आम चुनाव से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के दौर तक कांग्रेस को कोई दूसरी पार्टी टक्कर नहीं दे सकी। बीच में 1977 में इंदिरा गांधी की सरकार गिरी भी तो बहुत जल्द वापसी कर ली।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

*Today's* **Opinion**

## क्रिकेट में ऑनलाइन सट्टेबाजी से पाकिस्तान को मदद



**आर.के. सिन्हा**

यह कोई पुरानी बात नहीं है जब क्रिकेट को लेकर कहा जाता था कि यह भारत में धर्म के समान है। क्रिकेट देश को जोड़ता है। यह जाति, मजहब, वर्ग, लिंग की दीवारों को ध्वस्त करता है। पर नब्बे के दशक में क्रिकेट में सट्टेबाजी में अजय जडेजा, मनोज प्रभाकर, मोहम्मद अजहरुद्दीन जैसे भारतीय और कई विदेशी खिलाड़ियों के फंसने के बाद करोड़ों क्रिकेट प्रेमी घोर निराश अवश्य हुए थे। उन्हें लगा था कि क्रिकेट में अब कोई पवित्रता नहीं रही। पर वक्त गुजरने के साथ ही क्रिकेट को लेकर भारत में क्रेज पहले की तरह हो गया। फिर से भारत की जीत पर देश खुश होने लगा और पराजय पर उदास। बेशक, क्रिकेट प्लेयर्स पर करोड़ों क्रिकेट के दीवाने जान निसार करते हैं। पर जरा गौर करें कि यह सब तब हो रहा है जब क्रिकेट में शर्तें लगनी या यूं कहें कि सट्टेबाजी खूब जमकर होने लगी है। अब जरा देखिए कि भारत में घुड़सवारी को छोड़कर सारे खेलों की सट्टेबाजी पर बैन है। पर इसके बावजूद क्रिकेट में ऑनलाइन सट्टेबाजी (बेटिंग) का बाजार गर्म रहता है। विडंबना यह है कि एक तरफ तो हम पाकिस्तान के खिलाड़ियों को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने पर बैन लगाते हैं, उन्हें अपने देश में आतंक-अशांति फैलाने के लिए जी भरकर कोसते हैं और दूसरी तरफ उनकी क्रिकेट, जिसका आधार उनकी पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) है, उसे स्पांसर हम भारतीयों के पैसे से ही किया जाता है। एक वेबसाइट है sky247.net जो खुलकर कहती है कि वह बेटिंग वेबसाइट है। इसके लगभग 70 फीसदी ग्राहक भारतीय हैं। यानी इनकी कमाई का सबसे बड़ा सहारा हम भारतीय ही हैं। हमसे पैसा कमा कर ये हमारे दुश्मन मुल्क की क्रिकेट का सहारा बन बैठी है, पाकिस्तान की वैश्विक छवि निखारने में मदद करती है। यह बताना जरुरी है कि पाकिस्तान सुपर लीग की कुल वैल्यूशन 2,640 करोड़ रुपए आंकी गई है। यही नहीं, इसी 247.net ने पाकिस्तान-दक्षिण अफ्रीका की पिछले साल अबुधाबी में खेली गयी टी-20 श्रृंखला को हम भारतीयों के पैसे से ही स्पांसर किया था। यह जानकार किसी भी राष्ट्रभक्त स्वाभिमानी भारतीय के तन बदन में आग लग सकती है। कितनी बड़ी है यह वेबसाइट, यह जानने के लिए उसके होम पेज पर जाना चाहिए। इसमें उन तमाम सिरीज का नाम है जो इस वेबसाइट ने सिर्फ पिछले दो साल में प्रायोजित की हैं। जैसे श्रीलंका प्रीमियर लीग, यूएई और आयरलैंड के बीच खेली गयी एक दिवसीय सीरिज। इसके अलावा दुनिया भर के टी10 और टी20 टूर्नामेंट और यहाँ तक कि भारतीय क्रिकेट टीम का पिछले साल 2021 का श्रीलंका दौरा भी शामिल है। सुनने को तो यह भी खबर आयी थी कि बॉलीवुड के सबसे चमकीले प्रोग्राम आईफा अवार्ड्स भी अबुधाबी में यही वेबसाइट स्पांसर कर रही है। अब हम सब जानते हैं कि आईफा अवार्ड्स के आयोजन में कई सौ करोड़ रुपये खर्च होते हैं। साफ है कि इस वेबसाइट की भारत से मोटी कमाई होती है। हैरानी की बात यह है कि यह बेवसाइट सिर्फ दो साल पहले ही रजिस्टर हुई है। दो साल में इतनी कमाई। और वो भी हमारे पैसे से हमारे ही दुश्मन देश को फलने-फूलने में मदद करती हो। यह काफी दुखदायक है। इन सब बातों के बाद एक सवाल बरबस किसी के मस्तिष्क में कौंध उठता है। क्या ऑनलाइन सट्टेबाजी भारत में कानूनी रुप से वैध है? भारत में सट्टेबाजी के खिलाफ कार्रवाई तब ही हो सकती है जब पुलिस सट्टेबाजों को सट्टेबाजी करते हुए रंगे हाथों पकड़े। लेकिन आईटी मंत्रालय इस बेवसाइट को भारत में बैन करके भारतीयों को सट्टेबाजी से बचा तो सकता ही है। इस बीच, दिल्ली हाईकोर्ट ने 27 नवंबर, 2019 में एक मुकदमे में अपना पल्ला झड़ते हुए सरकार से कहा था कि वो बताएं कि वो ऑनलाइन सट्टेबाजी पर क्या सोच रखती है। इन सारे मसले पर तब केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का जवाब था कि वह ऐसी वेबसाइट पर रोक नहीं लगा सकते जो विदेश से संचालित हो।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796, प्रसार:-9470050309
ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को जीवन में अवतरित करने की जरूरत : दलाई लामा



बीएनएम@धर्मशाला

धर्मशाला। तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर एक वीडियो संदेश के माध्यम से शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए काफी अहम है। उन्होंने कहा कि हम सभी को भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को अपने जीवन में अवतरित करने की जरुरत है। वर्तमान परिदृश्य में भगवान बुद्ध की शिक्षाएं और भी प्रासंगिक हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा का दिन छह साल की तपस्या के बाद महात्मा बुद्ध की आत्मज्ञान की प्राप्ति का स्मरण कराता है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि स्वयं के अनुभव के आधार पर महात्मा बुद्ध ने कहा था कि जिस तरह सोने को गर्म करने, काटने और रगड़ने से उसका परीक्षण किया जाता है, वैसे ही आपको मेरी शिक्षा का अच्छी तरह से परीक्षण करना चाहिए तथा उसके बाद ही इसे स्वीकार करना चाहिए न कि केवल मेरे प्रति सम्मान के कारण। इस दृष्टिकोण से बुद्ध के एक विशेष गुण का पता चलता है। धर्मगुरु ने कहा कि मैं सभी धार्मिक परंपराओं का सम्मान करता हूं। वे सभी महान मूल्य के हैं क्योंकि वे सभी करुणा सिखाते हैं। केवल बुद्ध हमें उनकी शिक्षाओं की जांच करने के लिए कहते हैं जैसे एक सुनार सोने की शुद्धता की जांच करता है। ऐसा करने के लिए केवल बुद्ध ही हमें सलाह देते हैं। भगवान केवल अपने स्वयं के आध्यात्मिक अनुभव और अनुभूति को अपने शिष्यों में स्थानांतरित नहीं कर सकते हैं क्योंकि वे संवेदनशील प्राणियों के लिए प्रेम और करुणा से हैं। दलाई लामा ने कहा कि भगवान बुद्ध ने सिखाया कि हर चीज में किसी अंतर्निहित अस्तित्व का अभाव होता है। इस शिक्षा ने उन शिष्यों को वस्तुओं और विषयों के अद्वैत को समझने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पारंपरिक और अंतिम सत्य के दो पंखों की मदद से बोधिसत्व आधारों को पार कर सकूं और इस तरह एक सामान्य व्यक्ति के स्तर को अलविदा कह सकूं। अपनी पिछली आकांक्षाओं के बल के कारण, मैं शून्यता के दृष्टिकोण और बोधिचित्त के साहसी हृदय के बारे में आश्वस्त हूं। पहले शिक्षण का अध्ययन करें और उन चार महान सत्यों पर चिंतन करें जो उन साधनों की रुपरेखा तैयार करते हैं जिनके भीतर बुद्ध ने हमारी सहायता के लिए काम किया।

## NEWS IN BRIEF

### भारत-नेपाल के बीच छह समझौता पत्रों पर हस्ताक्षर

लुम्बिनी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी में नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के साथ विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय भागीदारी बढ़ाने और मौजूदा सहयोग संबंधों को अधिक सुदृढ़ बनाने पर चर्चा की। दोनों नेताओं की बैठक के बाद सांस्कृतिक संबंध, शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग और पनबिजली परियोजना सहित छह समझौता पत्रों (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट कर बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लुम्बिनी में नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा से द्विपक्षीय वार्ता की। यह हमारी बहु-आयामी साझेदारी में जारी सहयोग को मजबूत करने तथा नए क्षेत्रों की तलाश करने का अवसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने माया देवी मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद नेपाली प्रधानमंत्री देउबा से वार्ता की। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच शिष्टमंडल स्तर पर भी चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार, बैठक के बाद छह समझौते या सहमति पत्र पर हस्ताक्षर हुए।

इसके अतिरिक्त आईसीसीआर और काठमांडू विश्वविद्यालय के बीच भारतीय अध्ययन पर आईसीसीआर पीठ की स्थापना, काठमांडू विश्वविद्यालय तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के बीच एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर शामिल हैं। दोनों संस्थानों के बीच स्नातकोत्तर स्तर पर कार्यक्रम के लिए संयुक्त डिग्री के लिए भी सहमति बनी। सतलुज जल विद्युत निगम (एसजेवीएन) लिमिटेड और नेपाल विद्युत प्राधिकार के बीच अरुण-4 परियोजना के विकास एवं उसे लागू करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर हुए।

# आइएएस पूजा सिंघल और सीए की रिमांड अवधि चार दिन बढ़ी

बीएनएम@रांची

रांची। मनी लाउंड्रिंग मामले में गिरफ्तार आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल और उनके सीए सुमन कुमार सिंह की रिमांड अवधि चार दिन और बढ़ गयी है। रिमांड अवधि खत्म होने पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने सोमवार को आईएएस पूजा सिंघल और उनके सीए सुमन कुमार सिंह को कांके रोड स्थित ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा के आवासीय अदालत में पेश किया। इस दौरान इडी के वकील ने पूजा सिंघल के लिए नौ दिन और सुमन कुमार के लिए पांच दिनों की रिमांड अवधि और बढ़ाए जाने की मांग की। इस पर न्यायाधीश ने दोनों के लिए चार दिनों की रिमांड की स्वीकृति दी है। ईडी ने सीए सुमन कुमार सिंह को लगातार तीसरी बार और आईएएस पूजा सिंघल को दूसरी बार रिमांड पर लिया है। ईडी ने अदालत को बताया कि इनके खिलाफ कई सबूत मिले हैं।

# मुंडका अग्निकांड : मानवाधिकार आयोग पहुंचा मुंडका अग्निकांड की जगह

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। बाहरी जिले के मुंडका अग्निकांड के चौथे दिन राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग(एनएचआरसी) स्वतः संज्ञान लेते हुए सोमवार को घटनास्थल का दौरा किया। टीम इमारत की तीनों मंजिलों पर जाकर उसका मुआयना किया और पूरी इमारत की वीडियोग्राफी करवाई। टीम के दौरे के दौरान मुंडका थाना प्रभारी मौके पर मौजूद रहे। आयोग ने थाना प्रभारी से इमारत में लगी आग के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की। टीम करीब एक घंटे तक इमारत में रहने के बाद यहां से चले गए। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम सोमवार दोपहर सवा एक बजे घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने पहले इमारत के बाहरी हिस्से को देखा और फिर पीछे के दरवाजे से पहली मंजिल पर पहुंची। जहां से आग की शुरुआत हुई थी। टीम के साथ मुंडका थाना प्रभारी गुलशन नागपाल मौजूद थे। टीम ने थाना प्रभारी से आग लगने के बारे में जानकारी ली। टीम करीब एक घंटे तक इमारत के तीनों मंजिल का मुआयना किया। आयोग के डीआइजी सुनील मीणा ने बताया कि अंदर जाकर हमने निरीक्षण किया है। इमारत पूरी तरह से खाक हो चुकी है। इस मामले में मानवाधिकार का उल्लंघन हुआ है और इसी दिशा में आगे की जांच कर रहे हैं। घटना के बारे में पूरी जानकारी ली जा रही है। उधर आयोग ने रविवार को दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब मांगा है।

# कश्मीरी पंडितों को मिलना चाहिए उनका हक : केजरीवाल

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कश्मीरी पंडितों को उनका हक मिलना चाहिए। उन्हें कश्मीर में पुन: बसाने और सुरक्षित माहौल देने के लिए केन्द्र सरकार को प्रयास करना चाहिए। केजरीवाल ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि कश्मीर में आज भी कश्मीरी पंडित सुरक्षित नहीं हैं। बीते दिनों वहां एक सरकारी कर्मचारी राहुल भट्ट की हत्या कर दी गई। ऐसी हिंसा रुकनी चाहिए और कश्मीरी पंडितों को वहां भयमुक्त माहौल मिलना चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि आतंकी और देश के दुश्मनों को यह बात समझना चाहिए कि अगर कश्मीरी पंडितों की तरफ गलत इरादे रखेंगे तो देश बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि कश्मीरी पंडित राहुल भट्ट की हत्या से डरे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों भाजपा ने केजरीवाल पर कश्मीरी पंडितों को अपमानित करने का आरोप लगाया था। भाजपा केजरीवाल से लगातार मांग कर रही थी कि वह अपने उस बयान पर देश से मांफी मांगे जिसमें उन्होंने कश्मीरी पंडितों का विधानसभा में मजाक उड़ाया था।



# दो तरह का हिन्दुस्तान बनाना चाहती है भाजपा: राहुल



बीएनएम@बांसवाड़ा

बांसवाड़ा। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा दो तरह का हिन्दुस्तान बनाना चाहती है, एक अमीरों का और दूसरा गरीबों का। भाजपा सरकार कई उद्यमों को अपने मित्रों को बेच रही। लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को यहां बेणेश्वर धाम पर आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले राहुल गांधी ने ने धाम के अच्युतानंद महाराज से मुलाकात करने के बाद पूजा अर्चना की। राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मौजूदगी में बेणेश्वर धाम पर बनने वाले हाई लेवल पुल का शिलान्यास किया। सभा में अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस और आदिवासी समाज का मेल बरसों पुराना है। कांग्रेस आदिवासियों के विकास के लिए हमेशा आगे रहती है। दूसरी विचारधारा के लोग आदिवासियों को बांटने काम करते हैं और हम आदिवासी वर्ग को जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने भाजपा पर साधा निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी दो तरह का हिन्दुस्तान बनाना चाहती है, जिसमें एक अमीर वर्ग और दूसरा गरीब वर्ग। जबकि हम एक हिन्दुस्थान बनाना चाहते हैं, जिसमें सभी हिन्दुस्तानी एक गुलदस्ते की तरह रहें। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने केंद्र सरकार ने कई संस्थाओं को अपने उद्योगपति मित्रों को बेच दिया है। देश में बेरोजगार लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है और केवल चंद उद्योगपति को लाभ दिया जा रहा है। सभा में राहुल गांधी ने अशोक गहलोत की सरकार के कामकाज की तारीफ करते हुए कहा कि राजस्थान स्वास्थ्य सेवाएं सारे देश में श्रेष्ठ हैं और इसका लाभ आमजन को मिल रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश प्रभारी अजय माकन, जल संसाधन मंत्री महेंद्र सिंह मालवीय, जिला प्रभारी मंत्री भंवर सिंह भाटी, टीएडी मंत्री अर्जुन सिंह बामणिया, मंच पर मौजूद थे। सभा का संचालन डूंगरपुर कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश खोड़निया ने किया और आभार बांसवाड़ा जिलाध्यक्ष चांदमल जैन ने व्यक्त किया।

# भारत-नेपाल के संबंध हिमालय जितने ऊंचे और उतने ही मजबूत : प्रधानमंत्री मोदी



बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारत और नेपाल के मजबूत होते रिश्तों का हवाला देते हुए कहा कि दोनों देशों की मित्रता और घनिष्ठता संपूर्ण मानवता के हित का काम करेगी। उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल के संबंध हिमालय जितने ऊंचे और उतने ही मजबूत हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को लुंबिनी, नेपाल में बुद्ध जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि माया देवी मंदिर में दर्शन का अवसर अविस्मरणीय है। वहां की ऊर्जा और चेतना एक अलग ही एहसास है। मोदी ने कहा कि उन्हें पहले भी वैशाख पूर्णिमा के दिन भगवान बुद्ध से जुड़े दिव्य स्थलों और आयोजनों में जाने का अवसर मिलता रहा है। भारत और नेपाल के सौहार्दपूर्ण संबंधों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह जानते हैं कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण से नेपाल के लोग भी बेहद खुश हैं। उन्होंने जनकपुर में दिए अपने बयान को दोहराते हुए कहा, "नेपाल के बिना हमारे राम भी अधूरे हैं"। उन्होंने कहा कि हमारी सदियों पुरानी साझा सांस्कृतिक और ऐतिहासिक परंपराएं और एक दूसरे के लिए हमारा प्यार, हमारा सबसे बड़ा खजाना है। और हमारे आपसी संबंध जितने मजबूत होंगे, हम भगवान बुद्ध के संदेश को दुनिया में फैलाने में सक्षम होंगे। प्रधानमंत्री ने भगवान बुद्ध को मानवता की सामूहिक समझ का प्रतीक बताते हुए कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारत और नेपाल के बीच बढ़ती दोस्ती और भगवान बुद्ध की गहरी भक्ति हमें एक साथ जोड़ती है और हमें एक परिवार का हिस्सा बनाती है। उन्होंने कहा कि भौतिक सीमाओं से परे जाकर भगवान बुद्ध सभी के हैं और सबके लिए हैं। नेपाल में सारनाथ, बोधगया, कुशीनगर और लुंबिनी हमारी साझा ऐतिहासिक विरासत का हिस्सा हैं और हमें इसे आगे ले जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा कि भगवान बुद्ध के विचार हमारे ग्रह को अधिक शांतिपूर्ण, सामंजस्यपूर्ण और टिकाऊ बना सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को ट्वीट संदेश में कहा, "बुद्ध पूर्णिमा पर हम भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को याद करते हैं और उन्हें पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। भगवान बुद्ध के विचार हमारे ग्रह को अधिक शांतिपूर्ण, सामंजस्यपूर्ण और टिकाऊ बना सकते हैं।"

## NEWS IN BRIEF

### राष्ट्रपति पुतिन के बीमार होने का दावा

लंदन। पूर्व ब्रिटिश जासूस क्रिस्टोफर स्टील के हवाले से दावा किया गया है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गंभीर रूप से बीमार हैं। डोनाल्ड ट्रम्प पर डोजियर लिख चुके क्रिस्टोफर 2016 के अमेरिकी चुनाव अभियान में रूसी हस्तक्षेप का आरोप लगा चुके हैं। उन्होंने स्काई न्यूज को बताया है कि रूस और अन्य जगहों के स्रोतों से आने वाली सूचनाओं से यह लगता है कि पुतिन वास्तव में गंभीर रूप से बीमार हैं। रूस के राष्ट्रपति के स्वास्थ्य पर अफवाहों का दौर पिछले हफ्ते 9 मई को रूस के विजय दिवस पर शुरू हुआ है। कहा जा रहा है कि इस दौरान पुतिन बेहद कमजोर दिखे। परेड का निरीक्षण करते समय वह चटख हरे रंग का कपड़ा पैरों पर डाले थे। इस समारोह में वह द्वितीय विश्वयुद्ध के योद्धाओं के साथ काले बॉम्बर जैकेट में बैठे नजर आए। वहां उन्हें खांसते देखा गया। इस बीच अमेरिका की बिजनेस पत्रिका न्यूज लाइन ने पुतिन की बीमारी पर बड़ा और चौंकाने वाला खुलासा किया है। न्यूज लाइन ने कहा है कि इस संबंध में उसके पास एक अज्ञात कुलीन वर्ग और एक वेंचर पूंजीपति की बातचीत की रिकार्डिंग क्लिप है।

मार्च में रिकॉर्ड की गई इस क्लिप में दावा किया जा रहा है कि पुतिन 'ब्लड कैंसर' से पीड़ित हैं। हालांकि न्यूज लाइन ने इस खुलासे में कहा है कि इन दो शख्स की बातचीत के दावे को सत्यापित नहीं किया जा सकता। बिजनेसमैन ने रिकॉर्डिंग में कहा कि रूसी सैनिकों को यूक्रेन पर आक्रमण करने का आदेश देने से कुछ समय पहले व्लादिमीर पुतिन की सर्जरी हुई थी। अमेरिकी सीनेटर मार्को रुबियो भी दावा कर चुके हैं कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बीमार हैं। कुछ लोग संदेह जता रहे हैं कि या तो पुतिन को थायरॉयड कैंसर है या पार्किंसंस रोग।

# राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति ने देशवासियों को दी बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द और उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने सोमवार को देशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी शिक्षाएं आज और अधिक प्रासंगिक हैं। राष्ट्रपति ने ट्वीट संदेश में कहा, "सभी देशवासियों और पूरे विश्व में भगवान बुद्ध के अनुयायियों को बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान बुद्ध ने मानवता को अहिंसा, करुणा और सहिष्णुता का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज और अधिक प्रासंगिक हैं। आइए, हम सब भगवान बुद्ध द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लें।" उपराष्ट्रपति नायडू ने ट्वीट संदेश में कहा, "बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई। दुनिया के सबसे शानदार आध्यात्मिक नेताओं में से एक, भगवान बुद्ध ने सबसे गहन सत्य का उपदेश दिया। उनकी शिक्षाओं का उद्देश्य हमारे दुखों का मूल कारण खोजना और सत्वों को पीड़ा से मुक्त करना था।"

# शहबाज शरीफ ने चीन के नागरिकों की सुरक्षा का दिया भरोसा


बीएनएम@इस्लामाबाद

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को चीन को भरोसा दिया कि पाकिस्तान सरकार मुल्क में चीन के नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी उपाय करने के लिए दृढ़ है। शरीफ ने चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर (सीपीईसी) के तहत 60 अरब अमेरिकी डालर की परियोजनाओं को तेजी से पूरा कराने का भी भरोसा दिलाया है। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक चीन के प्रधानमंत्री के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत में शरीफ ने विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) को जल्द पूरी तरह से चालू करने के लिए दोनों पक्षों को एक साथ काम करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। वार्ता के दौरानदोनों देशों की संबंधित एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाने को लेकर चर्चा हुई। शहबाज शरीफ सीपीईसी की परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने को लेकर पहले भी प्रतिबद्धता जता चुके हैं। 60 अरब डालर की महत्वाकांक्षी सीपीईसी चीन के उत्तर पश्चिमी शिनजियांग और बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह को जोड़ने वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के तहत तीन हजार किलोमीटर लंबा मार्ग है। इसे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर तक बिछाया जा रहा है। इसके लिए चीन के सामने भारत तीखा विरोध जता चुका है।

# यूक्रेनी मेजर जनरल का दावा : रूस में तख्तापलट की हो रही तैयारी

बीएनएम@कीव

कीव। यूक्रेन से संघर्ष के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए हालात विपरीत होते दिख रहे हैं। पुतिन के ब्लड कैंसर होने व स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के साथ यूक्रेनी मेजर जनरल के इस दावे ने मामले को अधिक गंभीर कर दिया है, जिसमें दावा किया गया है कि रूस में पुतिन के तख्तापलट की तैयारी शुरू हो गई है। यूक्रेन के आर्मी इंटेलिजेंस के जनरल ने दावा किया है कि रूस में व्लादिमीर पुतिन के तख्तापलट की तैयारी चल रही है। यूक्रेन के प्रमुख मेजर जनरल कायरलो बुडानोवन ने दावा किया है कि अगस्त तक रूस-यूक्रेन युद्ध में निर्णायक मोड़ आएगा और नवंबर तक रूसी सेना यूक्रेन से पराजित होकर लौटेगी। ये पूछे जाने पर कि क्या रूस में तख्तापलट की कार्रवाई शुरू हो चुकी है इसके जवाब में उन्होंने कहा कि रूस में पुतिन को हटाने की रणनीति पर काम शुरू हो चुका है। यूक्रेनी जनरल ने ये भी दावा किया कि पुतिन शारीरिक और मनोवैज्ञानिक तौर पर बहुत कमजोर हो चुके हैं, उन्हें कैंसर है।



# अमेरिका पर फिर बरसे इमरान खान



बीएनएम@लाहौर

**-पूर्व प्रधानमंत्री बोले, पाकिस्तान को बिना हमला किए बनाया गुलाम**

लाहौर। हाल में सत्ता से बेदखल हो चुके पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के वरिष्ठ नेता इमरान खान अमेरिका पर लगातार आक्रामक हैं। इस बार उन्होंने कहा, 'अमेरिका ने पाकिस्तान पर हमला किए बगैर ही उसे गुलाम बना लिया है।' इमरान खान ने नया आरोप लगाते हुए कहा कि पाकिस्तान की अवाम कभी भी 'विदेशी' सरकार को स्वीकार नहीं करेगी। क्रिकेट की सफलतम दुनिया से राजनीति की पिच पर पारी पूरी करने से पहले लपके गए 69 वर्षीय इमरान खान को अविश्वास प्रस्ताव लाकर प्रधानमंत्री के पद से पिछले माह हटा दिया गया था। इसके लिए भी इमरान खान अमेरिका को ही दोषी ठहरा चुके हैं। उन्होंने कहा था कि विपक्षी नेताओं के साथ मिलकर वाशिंगटन ने उनके खिलाफ साजिश रची है। तब से इमरान खान देशव्यापी रैलियां कर रहे हैं। इन रैलियों में वह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की नई सरकार को भ्रष्ट करार दे रहे हैं। फैसलाबाद की रैली में रविवार को इमरान ने कहा, 'अमेरिका ने पाकिस्तान पर हमला किए बगैर ही इसे गुलाम बना लिया है। देश की जनता विदेशी सरकार को कभी स्वीकार नहीं करेगी। अमेरिका स्वार्थी है। अपना हित देखे बगैर वह किसी अन्य देश की मदद नहीं करता। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी अमेरिकी सचिव एंटनी ब्लिंकन से पैसे की भीख मांगेंगे ताकि इमरान खान सत्ता में वापस न आ सके। उल्लेखनीय है कि अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान के वक्त भी इमरान खान अमेरिका पर साजिश रचने का आरोप लगा चुके हैं। इमरान खान ने कहा था कि उन्हें हटाने के लिए अमेरिका का पाकिस्तान की घरेलू राजनीति में प्रत्यक्ष हस्तक्षेप है। यह साजिश साबित करती है कि बकरों की तरह सियासत से जुड़े नेताओं की नीलामी हो रही है।

BNM Fantasy



# तिरुपति बालाजी पहुंची कंगना रनौत

बॉलीवुड की 'क्वीन' कंगना रनौत इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'धाकड़' को लेकर काफी चर्चा में हैं। यह फिल्म 20 मई को रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस बीच कंगना रनौत 'धाकड़' के निर्माता दीपक मुकुट, उनकी पत्नी कृष्णा मुकुट और टीम के कुछ अन्य मेंबर के साथ तिरुपति पहुंची हुईं हैं। सोमवार को उन्होंने सभी के साथ मिलकर तिरुपति बालाजी के दर्शन किये। इसकी जानकारी खुद कंगना रनौत ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए दी है। सोशल मीडिया पर कंगना की यह तस्वीरें वायरल हो रही हैं। उल्लेखनीय है कि कंगना रनौत की आगामी फिल्म 'धाकड़' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है।

# शा

*शिल्पा शेट्टी ने की सोशल मीडिया पर वापसी*

फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने कुछ दिन पहले ही सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर बताया था कि वह सोशल मीडिया को कुछ समय के लिए अलविदा कहा था। शिल्पा ने पोस्ट कर फैंस से कहा था कि वह मोनोटनी से बोर हो चुकी हैं। उन्हें वहां सबकुछ एक जैसा ही दिखाई दे रहा है। इस वजह से वह इस प्लेटफॉर्म से दूर जा रही हैं। जब तक उनको नया अवतार नहीं मिल जाता, वह वापस नहीं आएंगी। वहीं अब अपने इस पोस्ट के करीब चार दिन बाद सोमवार को शिल्पा शेट्टी ने एक नए अवतार के साथ सोशल मीडिया पर वापसी कर ली है। सोमवार को शिल्पा शेट्टी ने सोशल मीडिया पर अपनी आगामी फिल्म निकम्मा का मोशन पोस्टर जारी किया है, जिसमें वह सुपरवुमन के गेटअप में दिखाई दे रही हैं।

इसके साथ ही शिल्पा ने फिल्म के ट्रेलर रिलीज और फिल्म में अपने किरदार पर बने सस्पेंस पर से पर्दा हटाते हुए बताया है कि फिल्म का ट्रेलर कल यानी 17 मई को रिलीज होगा और इसमें उनके किरदार का नाम अवनी है जो उनके पिछले निभाए सभी किरदारों से एकदम अलग है। फिल्म निकम्मा में शिल्पा शेट्टी के साथ अभिमन्यु दासानी, शिर्ले सेतिया लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म में अभिमन्यु दासानी 'सिद्ध' और शिर्ले सेतिया 'सिया' के किरदार में नजर आयेंगे। फिल्म में दर्शकों को एक्शन के साथ -साथ रोमांस और कॉमेडी का भी तड़का देखने को मिलेगा।फिल्म को सोनी पिक्चर्स और शब्बीर खान फिल्म्स मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं।



# सोना महापात्रा ने जैकलिन फर्नांडिस पर निकाली भड़ास

***कहा- नई पीढ़ी के लिए जहरीले रोल मॉडल***



बॉलिवुड सिंगर सोना महापात्रा केवल अपने गानों ही नहीं बल्कि अपने बेबाक बयानों के लिए भी जानी जाती हैं। अब सोना एक बार फिर सुर्खियों में हैं और इस बार उन्होंने ऐक्ट्रेस जैकलिन फर्नांडिस को निशाने पर लेते हुए तीखे कॉमेंट्स किए हैं। सोना ने जैकलिन के ठग सुकेश चंद्रशेखर से रिश्तों और मनी लॉन्ड्रिंग वाले केस पर खूब खिंचाई की है। सोना ने एक ब्यूटी लाइन प्रॉडक्ट्स की तस्वीर शेयर की है जिसे जैकलिन फर्नांडिस प्रमोट करती हैं। उन्होंने यूजर्स से ऐसे प्रॉडक्ट्स न खरीदने की अपील की है जिनका प्रमोशन जैकलिन जैसे विवादों में रहने वाले ऐक्टर्स करते हैं। हालांकि उन्होंने अपने पोस्ट में कहीं भी जैकलिन का नाम नहीं लिया है। सोना ने लिखा, 'मुफ्त के महंगे लग्जरी गिफ्ट, मेरा निजी फैसला है कि ऐसे ब्रैंड एंबेसडर वाले किसी भी ब्रैंड को नहीं खरीदा जाए। इनके कुछ उसूल, कुछ खास टैलेंट, कुछ सम्मान करने लायक है? नहीं? अगर नहीं, प्लीज मुझे अपने निजी स्वार्थ के लिए कोई ऐसी चीज न बेचें।' सोना यहीं नहीं रुकीं बल्कि जैकलिन का नाम लिए बिना पर्सनल अटैक करती रहीं। उन्होंने अगले ट्वीट में लिखा, 'ऐसे लोगों का सपोर्ट करके न केवल हम अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए समाज में जहरीले रोल मॉडल बना रहे हैं बल्कि जेंडर इक्वॉलिटी आंदोलन के लिए सच्ची प्रतिबद्धता को भी खत्म कर रहे हैं। यह मुश्किल काम और मुश्किल बना दिया है। ये 5/10 महिलाएं सफलता के लिए शॉर्टकट ले रही हैं।'सोना के इन ट्वीट्स के बाद कुछ लोग उनका सपोर्ट कर रहे हैं तो काफी लोग ऐसे भी हैं जो उनकी आलोचना कर रहे हैं। जैकलिन के फैन्स सोना पर दूसरे की सफलता से जलने के आरोप लगा रहे हैं। एक यूजर ने सोना को यह भी सलाह दी है कि जब तक पूरा सच सामने नहीं आए, उन्हें किसी बारे में गलत बातें नहीं बोलनी चाहिए।